**आकाशवाणी**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**रविवार 06.07.2025** **समय 07.20**

**मुख्य समाचार :–**

- **कैलाश मानसरोवर यात्रा–2025 का पहला दल पिथौरागढ़ पहुंचा, पांच वर्षों बाद शुरू हो रही यात्रा को लेकर श्रद्धालु उत्साहित।**
- **कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार में यात्रा क्षेत्र में मांस और मदिरा की दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी।**
- **देहरादून में फर्जी दस्तावेजों के जरिए बनाए गए नौ हजार चार सौ आयुष्मान कार्ड और तीन हजार दो सौ से अधिक फर्जी राशन कार्ड जिला प्रशासन ने निरस्त किये।**
- **प्रदेशभर में वोल्टेज सुधार के लिए 76 हजार से अधिक ट्रांसफॉर्मरों में कैपेसिटर बैंक लगाए जाएंगे।**

**कैलाश मानसरोवर यात्रा–2025**

कैलाश मानसरोवर यात्रा–2025 का पहला दल कल पिथौरागढ़ पहुंचा, जहां कुमाऊं मंडल विकास निगम के विश्राम गृह में सेना और प्रशासन के अधिकारियों ने यात्रियों का पुष्प मालाओं से स्वागत किया। पारंपरिक छोलिया नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने यात्रियों को राज्य की लोकसंस्कृति से रूबरू कराया। इस दौरान ढोल–दमाऊ की थाप और ''बम–बम भोले'' के जयघोष से वातावरण आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रंग में रंगा रहा।

यात्रा को लेकर श्रद्धालु काफी उत्साहित नज़र आए और उन्होंने आकाशवाणी के साथ अपने विचार साझा किये। भारतीय क्षेत्र में कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा यात्रा की सभी व्यवस्थाएं की जाएगी। साथ ही सुरक्षा के लिए लिहाज से लिपुलेख तक आइटीबीपी यात्रियों के साथ रहेगी। पहले दल के लाइजनिंग ऑफिसर संजय गुंज्याल ने बताया कि पहली बार यात्री दल के साथ डॉक्टर और कुक की एक 5 सदस्यीय टीम भी जा रही है जो पूरे 18 दिनों तक यात्रियों के साथ रहेगी।

पहले दल में कुल 45 यात्री शामिल हैं, जिनमें 32 पुरुष और 13 महिलाएं हैं। ये यात्री देश के विभिन्न राज्यों जैसे दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, तमिलनाडु, तेलंगाना, यूपी, जम्मू–कश्मीर, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल से आए हैं। गौरतलब है कि कोविड–19 के कारण स्थगित इस यात्रा को पांच साल बाद दोबारा शुरू किया गया है।

**कांवड यात्रा**

कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार में यात्रा क्षेत्र में मांस और मदिरा की दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी। हरिद्वार में कांवड़ मेले की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने यह निर्देश दिये। इस दौरान सभी विभागों को यात्रा शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं हर हाल में पूरी करने के निर्देश दिये गए ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही, कांवड़ पटरी मार्ग पर लगने वाली दुकानों के लिए लाइसेंस अनिवार्य करने और सभी दुकानों व ढाबों में रेट लिस्ट चस्पा करने के निर्देश दिए गए। सड़क मरम्मत, पेयजल, शौचालय, स्वास्थ्य सेवाएं और मोबाइल शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था के भी निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं। यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले स्कूलों को यात्रा अवधि में बंद रखने को भी कहा गया है।

**जांच / कार्रवाई**

देहरादून में अपात्र लोगों द्वारा फर्जी दस्तावेजों के जरिए बनाए गए राशन और आयुष्मान कार्डों के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर की गई जांच में सामने आया कि एक लाख छत्तीस हजार से अधिक निष्क्रिय राशन कार्डों के आधार पर नौ हजार चार सौ अट्ठाईस आयुष्मान कार्ड बनाए गए थे। जांच में तीन हजार दो सौ तेईस राशन कार्ड भी फर्जी पाए गए, जिन्हें निरस्त कर दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि फर्जी दस्तावेजों के जरिए जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**कार्रवाई**

इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर देहरादून में सरकारी योजनाओं का गलत लाभ उठाने वालों के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं। यह मुकदमे कोतवाली नगर और थाना राजपुर में दर्ज किए गए हैं। जिला पूर्ति अधिकारी और आयुष्मान विभाग की ओर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी गई तहरीर में बताया गया कि पांच लाख से कम वार्षिक आय वाले लोगों के लिए बनाए गए राशन कार्डों की जांच में कई अपात्र व्यक्तियों के कार्ड फर्जी पाए गए। इन्हीं कार्डों के आधार पर उन्होंने आयुष्मान योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं का अनुचित लाभ उठाया। मुख्यमंत्री के सख्त रुख के बाद पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है और अब ऐसे सभी लोगों की पहचान की जा रही है जिन्होंने फर्जी दस्तावेजों के जरिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया।

**बैठक**

देहरादून स्थित यूपीसीएल के ऊर्जा भवन में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में निदेशक मंडल की 124वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति, समस्याओं और समाधान पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएं समय पर पूरी की जाएं और उपभोक्ताओं को विश्वसनीय व किफायती बिजली उपलब्ध कराई जाए। बैठक में प्रदेशभर में वोल्टेज सुधार के लिए 76 हजार से अधिक ट्रांसफॉर्मरों में कैपेसिटर बैंक लगाने का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा, उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन 100 मेगावाट की बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम परियोजना शुरू करेगा, जिसे मंजूरी दी गई है। मुख्य सचिव ने सीमांत गांवों को सौर ऊर्जा के साथ–साथ ग्रिड आधारित विद्युत आपूर्ति से जोड़ने के निर्देश भी दिए। साथ ही, परियोजनाओं के लिए वित्तीय संस्थानों से प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों का आकलन कर ही ऋण लेने को कहा गया।

**सम्मान**

भारत के प्रसिद्ध यात्रा लेखक दंपती ह्यू गैंटज़र और कोलीन गैंटज़र को वर्ष 2025 का पद्मश्री सम्मान, राज्य सरकार के सचिव शैलेश बगोली ने मसूरी स्थित उनके आवास पर पहुंचकर भेंट किया। कोलीन गैंटज़र को यह सम्मान मरणोपरांत मिला है। स्वास्थ्य कारणों से ह्यू गैंटज़र दिल्ली में आयोजित समारोह में शामिल नहीं हो सके थे। 1950 के दशक से सक्रिय इस लेखक जोड़े ने भारत की सांस्कृतिक विविधता और ऐतिहासिक स्थलों को "दि गेंटजर ट्रैवलोग" कॉलम और दूरदर्शन कार्यक्रमों के माध्यम से देश–दुनिया तक पहुंचाया। उनके लेखन ने भारतीय यात्रा साहित्य को नई पहचान दी और देशवासियों को भारत की सुंदरता से रूबरू कराया।

**सड़क सुधारीकरण**

बरसात के कारण राजधानी देहरादून में विभिन्न स्थानों पर क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की एक सप्ताह के भीतर मरम्मत की जाएगी। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय ने कहा कि ऐसा न करने और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। देहरादून शहर में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा किए जा रहे सड़क कटान कार्यों की समीक्षा बैठक गढ़वाल आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान आयुक्त ने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए देहरादून जिले में सड़क निर्माण से जुड़ा कोई भी नया काम शुरू नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां कार्य पूरे हो चुके हैं वहां सड़कों की मरम्मत गुणवत्ता के अनुसार की जाए और जहां समतलीकरण का कार्य जारी है, वहां बरसात के दौरान सड़क धंसाव से बचने के लिए सुरक्षा उपाय तुरंत लागू किए जाएं।

**एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर :-**

- **उत्तराखंड में होने वाले पंचायत चुनाव में उम्मीद से कम हुए नामांकन– इस शीर्षक के साथ अमर उजाला लिखता है– तीन दिन में 66 हजार 418 पदों के लिए 32 हजार 239 नामांकन दर्ज।**

- **कांवड़ मेले के लिए हरिद्वार में 48 हजार 700 वाहनों की पार्किंग तैयार, इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण लिखता है– शिव भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए बनाई गई व्यवस्था।**

- **प्रदेश में फसलों को वन्यजीवों से बचाने के लिए तैयार होगा कवच– अमर उजाला का शीर्षक है। खबर के मुताबिक बिल गेट्स फाउंडेशन और टाटा कंज्यूमर के बीच होगा एमओयू।**

- **देहरादून में फर्जीवाड़ा कर बनाए गए 9 हजार 428 आयुष्मान कार्ड निरस्त हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है। समाचार पत्र के अनुसार जिलाधिकारी के आदेशों पर अपात्र आयुष्मान और राशन कार्ड की शिकायतों पर सत्यापन अभियान जारी।**

- **उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश के कारण पर्वतीय इलाकों में भूस्खलन की घटनाएं हो रही है, इस खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– प्रदेश में बारिश से 37 सड़कें बंद, लोग परेशान।**